| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 12-02-23 | 9 | 7-8 |



हिसार। गांव मे रैली निकालते हुए व छात्राएं व ग्रामीण महिलाएं। फोटो हरिभूमि

# कॉलेज की छात्राओं ने डोभी में निकाली जागरूकता रैली

- अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्राओं ने ग्रामीण गृह कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत डोभी गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को मोटे अनाज के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मंजू मेहता की देखरेख में हुए इस कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका डॉ. उर्वशी नांदल रही। सरपंच प्रतिनिधि शबनम हिंदुस्तानी ने एचएयू छात्राओं व अधिकारियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. मंजू महता ने कहा कि मोटे अनाज के प्रति जागरूक करते हुए होम साइंस कॉलेज की छात्राओं ने ग्रामीणों को अपने आहार में मोटा अनाज शामिल करने बारे जानकारी दी। इसके साथ ही छात्राओं ने फसलों का महत्व बताया और पराली जलाना बंद करके पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के बारे में भी बताया। डॉ. उर्वशी नांदल व डॉ. सुमन सोदी की देखरेख में हुए कार्यक्रम में ग्रामीणों, खासकर महिलाओं ने भाग लिया और लेते हुए पूरा सहयोग दिया। प्रायोगिक तौर पर समझाने के लिए छात्राओं ने बाजरे की क्रांति पर एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी किया। ग्रामीण गृह कार्य अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को विभिन्न ग्रुपों में बांटा गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 12.02.23 | 5 | 6-8 |

## विद्यार्थी अनुशासन, मेहनत और लगन से हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं : प्रो. काम्बोज

### हकृवि के गृह-विज्ञान में तीन प्रशिक्षण का समापन



कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज के साथ प्रशिक्षण प्राप्त छात्राएं।

हिसार, 11 फरवरी (विरेंद्र वर्मा): किसी भी क्षेत्र में यदि सफलता हासिल करनी है तो उसके लिए काम में निरंतरता और स्किल बढ़ाने की जरूरत है। साथ ही अनुशासन, मेहनत और लगन जैसे गुण यदि विद्यार्थी में है तो उसे लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता है। चाहे शोध हो या प्रोजैक्ट या फिर कोई भी क्षेत्र, आईडिया जरूर सोचें, साथ ही अपने अंदर जिज्ञासा को बढ़ाते हुए उस पर काम करना शुरू कर दें। निश्चित तौर पर आपका भविष्य सुनहरा होगा। यह विचार चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. बी.आर काम्बोज ने कही। जिन्होंने शुक्रवार को इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर रखें। निदेशक, मानव संसाधन प्रबंधन एवं अधिष्ठाता, गृह-विज्ञान महाविद्यालय डॉ. मंजू महता ने बताया कि महाविद्यालय में तीन प्रशिक्षण आयोजित किए गए, जिसमें विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग द्वारा दो विषयों पर ट्रेनिंग का आयोजन किया। जिसमें पहला विषय अनुसंधान परियोजना प्रबंधन और दूसरा विषय सूचना संचार तकनीकियों में वृद्धि करना था। पहले विषय अनुसंधान परियोजना प्रबंधन विषय में कुल 35 विद्यार्थियों को पीईआरटी शोध समस्या का चुनाव, शोध तकनीक, समय, पैसा एवं ऊर्जा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण के निदेशक डॉ. अतुल ढींगरा व सह-निदेशक डॉ. मंजू दहिया, डॉ. वंदना वर्मा और डॉ. अनिल ढाका थे। दूसरी ट्रेनिंग में 35 विद्यार्थियों ने सूचना संचार तकनीकियों में वृद्धि करना विषय पर जानकारी हासिल की, जिसमें विद्यार्थियों ने कोरल ड्रा, फोटोशॉप और एमएस ऑफिस को बनाना सीखा। तीसरे प्रशिक्षण में वस्त्र एवं परिधान अभिकल्पन विभाग द्वारा जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) की तैयारी पर विद्यार्थियों को इस परीक्षा को पास करने के टिप्स दिए। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष सहित छात्राएं मौजूद रही।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 12-02-23 | 4 | 5-6 |

# छात्राओं ने डोभी में रैली निकालकर मोटे अनाज के प्रति किया जागरूक

हिसार, 11 फरवरी (ब्यूरो): हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्राओं ने ग्रामीण गृह कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत डोभी गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को मोटे अनाज के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मंजू मेहता की देखरेख में हुए इस कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका डॉ. उर्वशी नांदल रही।

सरपंच प्रतिनिधि शबनम हिंदुस्तानी ने एच.ए.यू. छात्राओं व अधिकारियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर डा.मंजू महता ने कहा कि मोटे अनाज के प्रति जागरूक करते हुए होम साइंस कॉलेज की छात्राओं ने ग्रामीणों को अपने आहार में मोटा अनाज शामिल करने बारे जानकारी दी। इसके साथ ही छात्राओं ने फसलों का महत्व बताया और पराली जलाना बंद करके पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के बारे में भी बताया।



रैली निकालती छात्राएं व ग्रामीण महिलाएं।

डॉ. उर्वशी नांदल व डॉ. सुमन सोदी की देखरेख में हुए कार्यक्रम में ग्रामीणों, खासकर महिलाओं ने भाग लिया और लेते हुए पूरा सहयोग दिया। विश्वविद्यालय की छात्राओं ने ग्रामीणों को बताया कि वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। ऐसे में बताया जा रहा है कि ये फसलें पोषण में हमारी किस प्रकार मदद कर सकती हैं। ये फसलें कैल्शियम और आयरन से भरपूर होती हैं। प्रायोगिक तौर पर समझाने के लिए छात्राओं ने बाजरे की क्रांति पर एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी किया।

ग्रामीण गृह कार्य अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को विभिन्न ग्रुपों में बांटा गया और 5वें व सातवें ग्रुप की ओर से यह नुक्कड़ नाटक किया गया। नाटक में छात्राओं ने कहा कि स्वस्थ सेहत का राज- मोटा अनाज, मोटे अनाज का सेवन बढ़ाएं-शरीर को स्वस्थ बनाएं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 12-02-23 | 4 | 4-5 |

# छात्राओं ने रैली निकालकर मोटे अनाज के प्रति किया जागरूक



हिसार के एचएयू होम साइंस कॉलेज की छात्राएं मोटे अनाज के प्रति जागरूकता रैली निकाली हुई। संवाद

**माई सिटी रिपोर्टर**

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्राओं ने ग्रामीण गृह कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत डोभी गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को मोटे अनाज के प्रति जागरूक किया।

महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मंजू मेहता की देखरेख में हुए इस कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका डॉ. उर्वशी नांदल रही। सरपंच प्रतिनिधि शबनम हिंदुस्तानी ने एचएयू छात्राओं व अधिकारियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. मंजू महता ने कहा कि मोटे अनाज के प्रति जागरूक करते हुए होम साइंस कॉलेज की छात्राओं ने ग्रामीणो को अपने आहार में मोटा अनाज शामिल करने बारे जानकारी दी।

इस अवसर पर छात्राओं ने ग्रामीणों को बताया कि वर्ष 2023 को अंतरारष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। समझाने के लिए छात्राओं ने बाजरे की क्रांति पर एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 12.02.23 | 5 | 1-3 |

## अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष पर होम साइंस छात्राओं ने रैली निकाली

भास्कर न्यूज | हिसार

हकृवि की छात्राओं ने ग्रामीण गृह कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत डोभी गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को मोटे अनाज के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मंजू मेहता की देखरेख में हुए इस कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका डॉ. उर्वशी नांदल रही। सरपंच प्रतिनिधि शबनम हिंदुस्तानी ने एचएयू छात्राओं व अधिकारियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर डॉ. मंजू मेहता ने कहा कि



मोटे अनाज के प्रति जागरूक करते हुए होम साइंस कॉलेज की छात्राओं ने ग्रामीणों को अपने आहार में मोटा अनाज शामिल करने बारे जानकारी दी। डॉ. उर्वशी नांदल व डॉ. सुमन सोढी की देखरेख में हुए कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय की छात्राओं ने ग्रामीणों को बताया कि वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। ऐसे में बताया जा रहा है कि ये फसलें पोषण में हमारी किस प्रकार मदद कर सकती हैं। ये फसलें कैल्शियम और आयरन से भरपूर होती हैं। ग्रामीण गृह कार्य अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को विभिन्न ग्रुपों में बांटा गया है और पांचवें व सातवें ग्रुप की ओर से यह नुक्कड़ नाटक किया गया।


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 12-02-23 | 11 | 2-5 |

## मोटे अनाज को आहार में शामिल कर शरीर बनाएं स्वस्थ

**होम साइंस कालेज की छात्राओं ने ढोभी में रैली निकालकर किया मोटे अनाज के प्रति जागरूक**

जागरण संवाददाता, हिसार : चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्राओं ने ग्रामीण गृह कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत ढोभी गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को मोटे अनाज के प्रति जागरूक किया। कालेज की अधिष्ठाता डा. मंजू मेहता व डा. उर्वशी नांदल मौजूद रही। सरपंच प्रतिनिधि शबनम हिंदुस्तानी ने एचएयू छात्राओं व अधिकारियों का आभार जताया। डा. मंजू महता ने कहा कि ग्रामीणों को अपने आहार में मोटा अनाज शामिल करने के बारे में जानकारी दी। छात्राओं ने फसलों का महत्व बताया और पराली जलाना बंद कर पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के बारे में भी बताया। डा. उर्वशी नांदल व डा. सुमन की देखरेख में ग्रामीणों व महिलाओं ने भाग लिया। छात्राओं ने ग्रामीणों को बताया कि वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। यह फसलें कैल्शियम और आयरन से भरपूर होती हैं। प्रायोगिक तौर पर समझाने के लिए छात्राओं ने बाजरे की क्रांति पर एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। छात्राओं ने कहा कि स्वस्थ सेहत का राज मोटा अनाज, मोटे अनाज का सेवन बढ़ाएं और शरीर को स्वस्थ बनाएं।



गांव में रैली निकालते हुए व छात्राएं व ग्रामीण महिलाएं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 11.02.23 | 10 | 1 |

## देश की बहुमूल्य धरोहर है युवा शक्ति : काम्बोज

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय द्वारा शुक्रवार को गांव शाहपुर के राजकीय प्राइमरी स्कूल में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत वार्षिक शिविर का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज मौजूद रहे। कुलपति ने बताया कि आज की युवा शक्ति देश की बहुमूल्य धरोहर है।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 12.02.2023 | ------- | ------- |

# अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष पर एचएयू के होम साइंस की छात्राओं ने रैली निकाली

## ● ग्रामीण महिलाओं को किया मोटे अनाज के प्रति जागरूक

**सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी**

हिसार, 11 फरवरी : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्राओं ने ग्रामीण गृह कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत डोभी गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को मोटे अनाज के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर डा. मंजू महता ने कहा कि मोटे अनाज के प्रति जागरूक करते हुए होम साइंस कालेज की छात्राओं ने ग्रामीणों को अपने आहार में मोटा अनाज शामिल करने बारे जानकारी दी। डा. उर्वशी नांदल व डा. सुमन सोढी की देखरेख



गांव में रैली निकालते हुए छात्राएं व ग्रामीण महिलाएं।

में हुए कार्यक्रम में ग्रामीणों, खासकर महिलाओं ने भाग लिया और लेते हुए पूरा सहयोग दिया। विश्वविद्यालय की छात्राओं ने ग्रामीणों को बताया कि वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। ऐसे में बताया जा रहा है कि ये फसलें पोषण में हमारी किस प्रकार मदद कर सकती हैं। ये फसलें कैल्शियम और आयरन से भरपूर होती हैं। ग्रामीण गृह कार्य अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को विभिन्न ग्रुपों में बांटा गया और पांचवें व सातवें ग्रुप की ओर से यह नुक्कड़ नाटक किया गया। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा.मंजू मेहता की देखरेख में हुए इस कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका डा. उर्वशी नांदल रही। सरपंच प्रतिनिधि शबनम हिंदुस्तानी ने एचएयू छात्राओं व अधिकारियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की सराहना की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| आज समाज | 12.02.2023 | -------- | -------- |


## होम साइंस कॉलेज की छात्राओं ने डोभी में रैली निकालकर किया मोटे अनाज के प्रति जागरूक



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्राओं ने ग्रामीण गृह कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत डोभी गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को मोटे अनाज के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मंजू मेहता की देखरेख में हुए इस कार्यक्रम की मुख्य सयोजिका डॉ. उर्वशी नांदल रही। सरपंच प्रतिनिधि शबनम हिंदुस्तानी ने एचएयू छात्राओं व अधिकारियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर डा. मंजू महता ने कहा कि मोटे अनाज के प्रति जागरूक करते हुए होम साइंस कॉलेज की छात्राओं ने ग्रामीणों को अपने आहार में मोटा अनाज शामिल करने बारे जानकारी दी। इसके साथ ही छात्राओं ने फसलो का महत्व बताया और पराली जलाना बंद करके पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के बारे में भी बताया। डॉ. उर्वशी नांदल व डॉ. सुमन सोदी की देखरेख में हुए कार्यक्रम में ग्रामीणों, खासकर महिलाओं ने भाग लिया और लेते हुए पूरा सहयोग दिया। विश्वविद्यालय की छात्राओं ने ग्रामीणों को बताया कि वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। ऐसे में बताया जा रहा है कि ये फसलें पोषण में हमारी किस प्रकार मदद कर सकती हैं। ये फसलें कैल्शियम और आयरन से भरपूर होती हैं। प्रायोगिक तौर पर समझाने के लिए छात्राओं ने बाजरे की क्रांति पर एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी किया। ग्रामीण गृह कार्य अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को विभिन्न ग्रुपों में बांटा गया और पांचवे व सातवें ग्रुप की ओर से यह नुक्कड नाटक किया गया। नाटक में छात्राओं ने कहा कि 'स्वस्थ सेहत का राज–मोटा अनाज, मोटे अनाज का सेवन बढ़ाएं–शरीर को स्वस्थ बनाएं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 12.02.2023 | ------- | ------- |


# विद्यार्थी अनुशासन, मेहनत और लगन से हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं : प्रो. बी.आर काम्बोज

## हकृवि के गृह-विज्ञान में तीन प्रशिक्षण का हुआ समापन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 फरवरी :** किसी भी क्षेत्र में यदि सफलता हासिल करनी है तो उसके लिए काम में निरंतरता और स्किल बढ़ाने की जरूरत है। साथ ही अनुशासन, मेहनत और लगन जैसे गुण यदि विद्यार्थी में है तो उसे लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता है। चाहे शोध हो या प्रोजेक्ट या फिर कोई भी क्षेत्र, आईडिया जरूर सोचें, साथ ही अपने अंदर जिज्ञासा को बढ़ाते हुए उस पर काम करना शुरू कर दें। निश्चित तौर पर आपका भविष्य सुनहरा होगा। यह विचार चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. बी.आर काम्बोज ने कही। जिन्होंने शुक्रवार को इंद्रा चक्रवति गृह विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर रखें। निदेशक, मानव संसाधन प्रबंधन एवं अधिष्ठाता, गृह-विज्ञान महाविद्यालय डॉ. मंजू महता ने बताया कि महाविद्यालय में तीन प्रशिक्षण आयोजित किए गए, जिसमें विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग द्वारा दो विषयों पर ट्रेनिंग का आयोजन किया। जिसमें पहला विषय अनुसंधान परियोजना प्रबंधन और दूसरा विषय सूचना संचार तकनीकियों में वृद्धि करना था। पहले विषय अनुसंधान परियोजना प्रबंधन विषय में कुल 35 विद्यार्थियों को पीईआरटी शोध समस्या का चुनाव, शोध तकनीक, समय, पैसा एवं ऊर्जा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण के निदेशक डॉ. अतुल ढींगरा व सह-निदेशक डॉ. मंजू दहिया, डॉ. वंदना वर्मा और डॉ. अनिल ढाका थे। दूसरी ट्रेनिंग में 35 विद्यार्थियों ने सूचना संचार तकनीकियों में वृद्धि करना विषय पर जानकारी हासिल की, जिसमें विद्यार्थियों ने कोरल ड्रा, फोटोशॉप और एमएस ऑफिस को बनाना सीखा। साथ ही कार्ड, पैम्फलेट, कैलेंडर, डेक्रोटिव प्रिंट मीडिया बनाना सीखा, जिसमें निदेशक डॉ. बीना यादव, सह निदेशक डा. वंदना वर्मा, डॉ. इला रानी व डॉ. अनिल ढाका रहे। तीसरे प्रशिक्षण में वस्त्र एवं परिधान अभिकल्पन विभाग द्वारा जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) की तैयारी पर विद्यार्थियों को इस परीक्षा को पास करने के टिप्स दिए। जिसमें 31 छात्राओं ने गृह-विज्ञान और संबंधित कृषि विज्ञान एवं मूल विज्ञान विषय के बारे में भी जाना। जिसमें निदेशक डॉ. नीलम रोज, सह-निदेशक डा.सरोज यादव, डॉ. मीना वर्मा व डॉ. अनिल ढाका रहे। इस अवसर पर डॉ. बीना यादव ने तीनों प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से बताया। सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संजय ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर सभी का धन्यवाद किया। मंच संचालन छात्रा यशस्वी और शालिनी ने किया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष सहित छात्राएं मौजूद रही।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान | 11.02.2023 | ------- | ------- |

## अनुशासन, मेहनत व लगन से हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं विद्यार्थी : कुलपति कम्बोज

11 Feb 2023 17:19:04




हिसार, 11 फरवरी (हि.स.)। किसी भी क्षेत्र में यदि सफलता हासिल करनी है तो उसके लिए काम में निरंतरता और स्किल बढ़ाने की जरूरत है। साथ ही अनुशासन, मेहनत और लगन जैसे गुण यदि विद्यार्थी में है तो उसे लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता है। चाहे शोध हो या प्रोजेक्ट या फिर कोई भी क्षेत्र, आइडिया जरूर सोचें, साथ ही अपने अंदर जिज्ञासा को बढ़ाते हुए उस पर काम करना शुरू कर दें। निश्चित तौर पर आपका भविष्य सुनहरा होगा।

यह बातें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कही। वे शनिवार को इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मानव संसाधन प्रबंधन एवं अधिष्ठाता, गृह-विज्ञान महाविद्यालय निदेशक डॉ. मंजू मेहता ने बताया कि महाविद्यालय में तीन प्रशिक्षण आयोजित किए गए, जिसमें विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग द्वारा दो विषयों पर ट्रेनिंग का आयोजन किया। इसमें पहला विषय अनुसंधान परियोजना प्रबंधन और दूसरा विषय सूचना संचार तकनीकियों में वृद्धि करना था। पहले विषय अनुसंधान परियोजना प्रबंधन विषय में कुल 35 विद्यार्थियों को पीईआरटी शोध समस्या का चुनाव, शोध तकनीक, समय, पैसा एवं ऊर्जा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण के निदेशक डॉ. अतुल ढींगरा व सह-निदेशक डॉ. मंजू दहिया, डॉ. चंद्रकला वर्मा और डॉ. अनिल ढाका थे।

दूसरी ट्रेनिंग में 35 विद्यार्थियों ने सूचना संचार तकनीकियों में वृद्धि करना विषय पर जानकारी हासिल की, जिसमें विद्यार्थियों ने कोरल ड्रा, फोटोशॉप और एमएस ऑफिस को चलाना सीखा। साथ ही कार्ड, पैम्फलेट, कैलेंडर, डेकोरेटिव प्रिंट मीडिया बनाना सीखा, जिसमें निदेशक डॉ. बीना यादव, सह निदेशक डॉ. चंद्रकला वर्मा, डॉ. कृष्णा रानी व डॉ. अनिल ढाका रहे।

तीसरे प्रशिक्षण में वस्त्र एवं परिधान अभिकल्पना विभाग द्वारा जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) की तैयारी पर विद्यार्थियों को इस परीक्षा को पास करने के टिप्स दिए। जिसमें 31 छात्राओं ने गृह-विज्ञान और संबंधित कृषि विज्ञान एवं मूल विज्ञान विषय के बारे में भी जाना। जिसमें निदेशक डॉ. नीलम रोज, सह-निदेशक डॉ. सरोज यादव, डॉ. सोना वर्मा व डॉ. अनिल ढाका रहे। इस अवसर पर डॉ. बीना यादव ने तीनों प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से बताया।

हिन्दुस्थान समाचार/राजेश्वर/वीरेन्द्र


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 11.02.2023 | ------- | ------- |

## हिसार-आसपास

# विद्यार्थी अनुशासन, मेहनत और लगन से हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं : प्रो. काम्बोज

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। किसी भी क्षेत्र में यदि सफलता हासिल करनी है तो उसके लिए काम में निरंतरता और स्किल बढ़ाने की जरूरत है। साथ ही अनुशासन, मेहनत और लगन जैसे गुण यदि विद्यार्थी में है तो उसे लक्ष्य प्राप्त करने मे कोई नहीं रोक सकता है। चाहे शोध हो या प्रोजेक्ट या फिर कोई भी क्षेत्र, आईडिया जरूर सोचें, साथ ही अपने अंदर जिज्ञासा को बढ़ाते हुए उस पर काम करना शुरू कर दें। निश्चित तौर पर आपका भविष्य सुनहरा होगा। यह विचार चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. बी.आर काम्बोज ने कही। जिन्होंने शुक्रवार को इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर रखें।



कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज के साथ प्रशिक्षण प्राप्त छात्राएं।

निदेशक, मानव संसाधन प्रबंधन एवं अधिष्ठाता, गृह-विज्ञान महाविद्यालय डॉ. मंजू महता ने बताया कि महाविद्यालय में तीन प्रशिक्षण आयोजित किए गए, जिसमें विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग द्वारा दो विषयों पर ट्रेनिंग का आयोजन किया। जिसमें पहला विषय अनुसंधान परियोजना प्रबंधन और दूसरा विषय सूचना संचार तकनीकियों में वृद्धि करना था। पहले विषय अनुसंधान परियोजना प्रबंधन विषय में कुल 35 विद्यार्थियों को पीईआरटी शोध समस्या का चुनाव, शोध तकनीक, समय, पैसा एवं ऊर्जा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण के निदेशक डॉ. अतुल ढींगरा व सह-निदेशक डॉ. मंजू दहिया, डॉ. वंदना वर्मा और डॉ. अनिल ढाका थे। दूसरी ट्रेनिंग में 35 विद्यार्थियों ने सूचना संचार तकनीकियों में वृद्धि करना विषय पर जानकारी हासिल की, जिसमें विद्यार्थियों ने कोरल ड्रा, फोटोशॉप और एमएस ऑफिस को बनाना सीखा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 11.02.2023 | -------- | -------- |

## हकृवि के होम साइंस कॉलेज की छात्राओं ने डोभी में रैली निकालकर किया मोटे अनाज के प्रति जागरूक



समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार, 11 फरवरी। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्राओं ने ग्रामीण गृह कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत डोभी गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को मोटे अनाज के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मंजू मेहता की देखरेख में हुए इस कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका डॉ. उर्वशी नांदल रही। सरपंच प्रतिनिधि [illegible] ने एचएयू छात्राओं व अधिकारियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. मंजू मेहता ने कहा कि मोटे अनाज के प्रति जागरूक करते हुए होम साइंस कॉलेज की छात्राओं ने ग्रामीणों को अपने आहार में मोटा अनाज शामिल करने की जानकारी दी। इसके साथ ही छात्राओं ने फसलों का महत्व बताया और पराली जलाने और इसके पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के बारे में भी बताया। डॉ. उर्वशी नांदल व डॉ. सुमन [illegible] की देखरेख में हुए कार्यक्रम में ग्रामीणों, खासकर महिलाओं ने भाग लिया और [illegible] पूरा सहयोग किया। विश्वविद्यालय की छात्राओं ने ग्रामीणों को बताया कि वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। ऐसे में बताया जा रहा है कि ये फसलें पोषण में हमारी किस प्रकार मदद कर सकती हैं। ये फसलें विटामिन और आयरन से भरपूर होती हैं। ग्रामीणों और [illegible] को समझाने के लिए छात्राओं ने [illegible] पर एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी किया। ग्रामीण गृह कार्य अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को विभिन्न ग्रुपों में बांटा गया और नुक्कड़ नाटक किया गया। नाटक में छात्राओं ने कहा कि स्वस्थ भोजन का राज–मोटा अनाज, मोटे अनाज का सेवन अपनाएं–शरीर को स्वस्थ बनाएं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 13.02.23 | 2 | 5-6 |

# टमाटर-बैंगन की करें बिजाई भिंडी के लिए तैयार करें खेत

## एचएयू के विशेषज्ञों ने किसानों को दी सलाह

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। फरवरी वसंतकालीन फसलों की बिजाई के अलावा गीष्मकालीन फसलों के लिए खेत की तैयारी के लिहाज से महत्वपूर्ण है। किसान टमाटर, बैंगन, मिर्च, शिमला मिर्च की बिजाई पूरी कर लें। भिंडी की बिजाई के लिए खेत की तैयारी कर ले। इसके अलावा सूरजमुखी की बिजाई भी 15 फरवरी तक पूरा कर लें।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मीडिया सलाहकार डॉ. संदीप आर्या ने बताया कि टमाटर के कतारों में 60 सेमी तथा पौधों में 45 से 60 सेमी की दूरी रखें। पौधरोपण के बाद एक हल्की सिंचाई अवश्य करें। सफेद मक्खी को मारने के लिए 400 एमएल मैलाथियान 50 ईसी को 200-250 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ 15 दिन के अंतर पर छिड़काव करें।

बैंगन के पौधरोपण में प्रति एकड़ 20 किलोग्राम फास्फोरस, 120 किलोग्राम सिंगल सुपर फास्फेट व 10 किलोग्राम पोटाश दें। पौधों व कतारों में 60 सेमी दूरी रखें। अच्छी उपज के लिए हिसार प्रगति, हिसार श्यामल या बीआर-112 या एचएलबी-25 या हिसार बहार के पौधे लगाएं। पौधरोपण के बाद खेत में हल्की सिंचाई देना आवश्यक है।

### मिर्च व शिमला मिर्च उन्नत प्रजाति का करें प्रयोग

मिर्च के पौधरोपण के दौरान कतारों की दूरी 45 से 60 सेमी तथा पौधे से पौधे की दूरी 30 से 45 सेमी रखें। लंबी किस्मों में एनपी 46ए या पूसा ज्वाला, पंत सी-1, हिसार शक्ति या हिसार विजय की उपज अच्छी है। शिमला मिर्च के लिए कैलिफोर्निया वंडर किस्म के पौधे लगाएं।

### भिंडी के लिए तैयार करें खेत

भिंडी की बिजाई के लिए यह समय खेती की तैयारी का है। इसके लिए प्रति एकड़ 10 टन गोबर की खाद, 40 किलोग्राम नाइट्रोजन, 90 किलोग्राम यूरिया व 24 किलोग्राम फास्फोरस तथा 150 किलोग्राम सिंगल सुपर फास्फेट की आवश्यकता होगी। एक एकड़ खेत के लिए 16-18 किलोग्राम बीज चाहिए। भिंडी की उन्नत किस्मों में पूसा सावनी, वर्षा उपहार या हिसार उन्नत का प्रयोग करें। अच्छे अंकुरण के लिए बिजाई से पहले बीजों को रात भर पानी में भिगो लें।

सूरजमुखी की बिजाई 15 फरवरी तक पूरी कर लें। बिजाई से पहले बीज को 4-6 घंटे तक पानी में भिगोकर सुखा लें। बीज जनित रोगों से बचाव के लिए फफूंद नाशक से बीज का उपचार जरूरी है।